विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-12 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 12(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवें के चैनेज 196.9 से 197.30 के मध्य छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? | छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण हेतु जिला प्रशासन कन्नौज स्तर से किये गये चिन्हांकन के अनुसार दिनांक 03-08-2024 को कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने पर भूमि के कुछ भाग पर काश्तकारों द्वारा वाद उत्पन्न कर दिये जाने के कारण अभी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। जिलाधिकारी, कन्नौज के पत्र दिनांक 12-12-2024 द्वारा उक्त सर्विस लेन का निर्माण पूर्ण करने के लिये 0.404 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि के क्रय/अधिग्रहण की आवश्यकता बताई गई है। आवश्यक भूमि उपलब्ध होते ही सर्विस लेन का निर्माण शीघ्रता से पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। |
| (ख) उपरोक्त कार्य हेतु टेंडर कब आमंत्रित किया गया था, तथा किस तिथि को सक्षम निविदाकर्ता को कार्य आबंटित किया गया, तथा किस तिथि को स्थल पर कार्य प्रारंभ किया गया? | दिनांक 24-07-2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी। दिनांक 17-01-2025 को प्रथम न्यूनतम निविदादाता के पक्ष में स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया था परन्तु सर्विस लेन के निर्माण हेतु जिला स्तर से उपलब्ध करायी गयी भूमि के कुछ भाग (0.404 हेक्टेयर) में काश्तकारों द्वारा विवाद उत्पन्न कर दिये जाने के कारण चयनित निविदादाता के साथ अनुबन्ध निष्पादन स्थगित कर दिया गया है। |
| (ग) क्या उक्त कार्य पूर्ण करा दिया गया है? | जी नहीं। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी
मंत्री।
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग।